भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 517

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी जिलों के रूप में जिलों का चयन

517. श्री वरुण चौधरी:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कार्यक्रम की शुरुआत के समय, आकांक्षी ज़िला योजना के अंतर्गत सबसे कम विकसित ज़िलों के रूप में चयनित ज़िलों की राज्य वार संख्या कितनी है;

(ख) 2018 से अब तक रूपांतरित किए गए ज़िलों और आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर आ चुके जिलों की राज्यवार संख्या कितनी है; और

(ग) क्या आकांक्षी जिलों की सूची में और ज़िलों को शामिल करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है या किए जाने का विचार है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) नीति आयोग ने जनवरी 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) की शुरुआत की थी, जिसमें 117 जिलों को आकांक्षी जिलों के रूप में चिह्नित किया गया। हालांकि, पश्चिम बंगाल राज्य के पांच जिलों की भागीदारी न होने के कारण कार्यक्रम के आरंभ में 26 राज्यों और 01 संघ राज्य क्षेत्र से केवल 112 जिलों को एडीपी के तहत शामिल किया गया था। हाल ही में, पश्चिम बंगाल के 5 जिलों को एडीपी के तहत शामिल किया गया है। आकांक्षी जिलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ख) एडीपी के तहत 49 केपीआई ट्रैक किए जा रहे हैं। सभी जिलों द्वारा इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति की गई है, किन्तु किसी भी जिले ने सभी 49 केपीआई में संतृप्ति प्राप्त नहीं की है और इसलिए कोई भी जिला आकांक्षी जिला कार्यक्रम से बाहर नहीं आया है।

(ग) ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है और न ही आकांक्षी जिलों की सूची में वर्तमान में और जिलों को शामिल करने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन है।

*****

अनुलग्नक

आकांक्षी जिलों के रूप में जिलों का चयन के संबंध में श्री वरुण चौधरी द्वारा दिनांक 22.07.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 517 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आकांक्षी जिलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्रम सं.	राज्य	आकांक्षी जिलों की सं.
1.	आंध्र प्रदेश	3
2.	अरुणाचल प्रदेश	1
3.	असम	7
4.	बिहार	13
5.	छत्तीसगढ़	10
6.	गुजरात	2
7.	हरियाणा	1
8.	हिमाचल प्रदेश	1
9.	जम्मू और कश्मीर	2
10.	झारखंड	19
11.	कर्नाटक	2
12.	केरल	1
13.	मध्य प्रदेश	8
14.	महाराष्ट्र	4
15.	मणिपुर	1
16.	मेघालय	1
17.	मिज़ोरम	1
18.	नागालैंड	1
19.	ओडिशा	10
20.	पंजाब	2
21.	राजस्थान	5
22.	सिक्किम	1

23.	तमिलनाडु	2
24.	तेलंगाना	3
25.	त्रिपुरा	1
26.	उत्तर प्रदेश	8
27.	उत्तराखंड	2
28.	पश्चिम बंगाल	5*
	कुल	**117**

* जून 2026 से शामिल किए गए

*****